
पंजाब केसरी
THU,20 AUGUST 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# शिक्षा बोर्ड ने जारी की 12वीं की अंतिम मैरिट सूची

धर्मशाला, 19 अगस्त (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2026 में आयोजित 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा की अंतिम मैरिट सूची जारी कर दी है। पुनर्मूल्यांकन और पुन: जांच के बाद संशोधित परिणामों को वार्षिक डाटाबेस में शामिल कर अंतिम सूची तैयार की गई है। विद्यार्थी और अभिभावक बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर मैरिट सूची देख सकते हैं।



बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने कहा कि परीक्षा और परिणाम प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुद्धता बनाए रखना बोर्ड की प्राथमिकता है। पुनर्मूल्यांकन के बाद हुए बदलावों को मैरिट सूची में शामिल करना विद्यार्थियों के हितों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने मैरिट में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनकी सफलता का श्रेय शिक्षकों और अभिभावकों के मार्गदर्शन के साथ विद्यार्थियों की मेहनत को दिया।

Divya Himachal Dt.20-08-2026

# जमा दो की मेरिट लिस्ट में 19 और मेधावी

## पुनर्मूल्यांकन और दोबारा जांच के बाद अंतिम सूची जारी, 76 के बजाय अब 95 होनहार



**दिव्य हिमाचल टीम- धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने मार्च, 2026 में आयोजित जमा दो की वार्षिक परीक्षा की बुधवार को अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी है। इसमें प्रदेश भर से ओवरऑल मेरिट लिस्ट में मई में जारी रिजल्ट के तहत 76 छात्र शामिल थे, जो कि अब बढ़कर 95 हो गए हैं। मेरिट लिस्ट में प्रदेश भर से 19 मेधावियों ने एंट्री पाई है। पुनर्मूल्यांकन (रिवैल्यूएशन) और पुनः जांच (री-चेकिंग) के बाद घोषित परिणामों को मुख्य वार्षिक परीक्षा परिणाम डेटाबेस में शामिल करते हुए मेरिट सूची को अंतिम रूप दिया गया है। बोर्ड की ओर से अंतिम मेरिट सूची फाइनल की गई है और इसे विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवाया गया है।

पुनर्मूल्यांकन के बाद जारी सूची में कई विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाई है। खास बात यह है कि नई मेरिट में आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस तीनों संकायों के मेधावी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। पुनर्मूल्यांकन के बाद पीएम श्री मॉडल स्कूल ढुंडला ऊना की मुस्कान ठाकुर ने कॉमर्स संकाय में 98.80 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष तीन में जगह बनाई है।

**टॉप-टेन में इनकी एंट्री**

टॉप-10 मेरिट सूची में मानसी, अपूर्वा, दिव्यांशु राणा, सुजल कुमार, नैन्सी, पारुल ठाकुर, सूर्यांश ठाकुर, हर्षिता ठाकुर, मृदुल ठाकुर, सागर सुपेहिया और अपर्णा शर्मा ने भी अपनी जगह बनाई है। पुनर्मूल्यांकन के बाद इन विद्यार्थियों की मेरिट में एंट्री ने परिणामों में बदलाव की तस्वीर को सामने रखा है।

- आर्ट्स-कॉमर्स और साइंस तीनों संकायों में बदलाव
- ऊना की मुस्कान, बिझड़ी की गौरी शर्मा ने शीर्ष तीन में बनाई जगह

वहीं, पीएम श्री मॉडल स्कूल बिझड़ी हमीरपुर की गौरी शर्मा ने आर्ट्स संकाय में 98.80 प्रतिशत अंक हासिल कर शीर्ष तीन में एंट्री की है। इसके अलावा राजकीय मॉडल स्कूल हाटगढ़, मंडी की प्रकृति ने आर्ट्स संकाय में 98.90 प्रतिशत अंक के साथ चौथा स्थान हासिल किया है। मेरिट सूची में सातवें स्थान पर निहारिका शर्मा ने जगह बनाई है। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर, शिमला की निहारिका ने साइंस संकाय में 98.00 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। आठवें स्थान पर ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल गनोह, कांगड़ा की रिधिमा ने आर्ट्स में 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इसी स्थान पर चौकी राजकीय विद्यालय मनीयार के आदित्य चौधरी ने कॉमर्स में 97.80 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। नौवें स्थान पर राजकीय मॉडल स्कूल अंब, ऊना की भानु प्रिया, राजकीय कन्या विद्यालय नालागढ़ सोलन की कृतिका और पीएम श्री स्कूल चौपाल शिमला की जाह्नवी ने जगह बनाई है। तीनों ने आर्ट्स संकाय में 97.60 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

वहीं, दसवें स्थान पर मॉडर्न पब्लिक कूल स्वारघाट सोलन की प्रकृति शर्मा ने साइंस संकाय में 97.40 प्रतिशत अंक के साथ मेरिट में स्थान बनाया है। उधर, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि जमा दो की फाइनल मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है।

Amar Ujala Dt. 20-08-2026

# छह अंक बढ़े...नौवें से तीसरे स्थान पर ऊना की मुस्कान

## स्कूल शिक्षा बोर्ड की जारी 12वीं कक्षा की फाइनल मेरिट सूची में 20 विद्यार्थियों ने बनाई जगह

विपिन चौधरी

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से 12वीं कक्षा की फाइनल मेरिट सूची जारी कर दी गई है। पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के परिणामों के बाद जारी इस अंतिम सूची में व्यापक स्तर पर फेरबदल हुआ है। संशोधन के उपरांत 20 नए विद्यार्थियों ने फाइनल मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई है। इसके बाद अब बोर्ड की टॉप-10 मेरिट सूची में कुल 95 विद्यार्थियों का कब्जा हो गया है।

पीएमश्री गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंधला की छात्रा मुस्कान ठाकुर के 6 अंक बढ़े हैं। इससे मुस्कान नौवें से सीधे तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। अंकों में आए इस बड़े अंतर से विद्यार्थियों की पुरानी रैंकिंग में उलटफेर हुआ है।



**हमीरपुर की गौरी ने 493 अंक लेकर तीसरे स्थान को तीन विद्यार्थियों से किया साझा**

**12वीं कक्षा की प्रोविजनल मेरिट सूची में तीसरे स्थान पर पहले थी एक ही छात्रा**

बोर्ड की ओर से पूर्व में जारी प्रोविजनल मेरिट सूची में तीसरे स्थान पर केवल एक छात्रा काबिज थी। अब फाइनल सूची में स्थिति बदल चुकी है और 493 अंक हासिल कर हमीरपुर की गौरी शर्मा समेत तीन अन्य विद्यार्थी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर आ गए हैं। विभिन्न श्रेणियों में हुए बदलावों के तहत तीसरे रैंक पर दो, चौथे पर एक, सातवें पर एक, आठवें और नौवें रैंक पर दो-दो नए विद्यार्थी जुड़े हैं।

सबसे अधिक फेरबदल 10वें रैंक पर देखने को मिला है, जहां 12 नए विद्यार्थियों ने फाइनल मेरिट सूची में अपना स्थान पक्का किया है। पुनर्मूल्यांकन के बाद इतनी बड़ी तादाद में विद्यार्थियों के मेरिट में आने से प्रोविजनल परिणाम की जांच प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं। बोर्ड ने इस संशोधित मेरिट सूची की अधिसूचना जारी कर स्पष्ट किया है कि अंतिम सूची पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के बाद तैयार की गई है।

### पुनर्मूल्यांकन, पुनर्निरीक्षण के बाद रैंक में हुआ बदलाव

पहले तीसरे रैंक पर एक विद्यार्थी था, अब तीन हो गए हैं। चौथे रैंक पर पहले 3 थे अब चार हैं, पांचवें रैंक पर पहले 4 थे अब 3 हो गए हैं। 7वें रैंक में पहले 8 विद्यार्थी थे, अब 9 हो गए, 8वें रैंक पर पहले 14 थे, जो अब 16 हो गए हैं। नौवें रैंक पर 16 से 18 विद्यार्थी हो गए और 10वें रैंक पर 12 से बढ़कर संख्या 24 हो गई है।

Dainik Jagran Dt.20-08-26

# बोर्ड ने 12वीं की अंतिम मेरिट सूची की जारी

**धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2026 में आयोजित 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा की अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी है। पुनर्मूल्यांकन (री-इवैल्युएशन) और पुन जांच (री-चेकिंग) के बाद आए संशोधित परिणामों को वार्षिक डाटाबेस में समाहित करते हुए यह अंतिम सूची तैयार की है। छात्र और अभिभावक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस मेरिट सूची को देख सकते हैं। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों के अनुशासन, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों का नतीजा है। (जास)

# हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 12वीं की अंतिम मेरिट सूची की जारी

**सवेरा ब्यूरो धर्मशाला, 19 अगस्त :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2026 में आयोजित 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा की अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी है। पुनर्मूल्यांकन (री-इवैल्युएशन) और पुनः जाँच (री-चेकिंग) के बाद आए संशोधित परिणामों को वार्षिक डाटाबेस में समाहित करते हुए यह अंतिम सूची तैयार की गई है। छात्र और अभिभावक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस मेरिट सूची को देख सकते हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि परीक्षा और परिणाम प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुद्धता बनाए रखना बोर्ड की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुनर्मूल्यांकन के परिणामों को मेरिट सूची में जगह देना छात्रों के हितों की रक्षा और त्रुटिहीन मूल्यांकन व्यवस्था के प्रति बोर्ड की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे परीक्षा प्रणाली में किसी भी प्रकार के असमंजस या अनिश्चितता की गुंजाइश न रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि यह सफलता छात्रों के अनुशासन, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों का नतीजा है। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के परिवारों के सहयोग और शिक्षकों के अमूल्य मार्गदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भी इस उपलब्धि का श्रेय दिया।

Anant Gyan Dt.20-08-26

# हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 12वीं की अंतिम मेरिट सूची की जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च-2026 में आयोजित 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा की अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी है। पुनर्मूल्यांकन (री-इवैल्युएशन) और पुन: जांच (री-चेकिंग) के बाद आए संशोधित परिणामों को वार्षिक डाटाबेस में समाहित करते हुए यह अंतिम सूची तैयार की गई है। छात्र और अभिभावक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस मेरिट सूची को देख सकते हैं।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि परीक्षा और परिणाम प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुद्धता बनाए रखना बोर्ड की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुनर्मूल्यांकन के परिणामों को मेरिट सूची में जगह देना छात्रों के हितों की रक्षा और त्रुटिहीन मूल्यांकन व्यवस्था के प्रति बोर्ड की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे परीक्षा प्रणाली में किसी भी प्रकार के असमंजस या अनिश्चितता की गुंजाइश न रहे।

## ◆ बोर्ड अध्यक्ष बोले-विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि, आधिकारिक वेबसाइट पर सूची उपलब्ध

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि यह सफलता छात्रों के अनुशासन, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों का नतीजा है। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के परिवारों के सहयोग और शिक्षकों के अमूल्य मार्गदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भी इस उपलब्धि का श्रेय दिया।

**विद्यार्थी ही प्रदेश के भविष्य की मजबूत नींव:** डॉ. शर्मा ने कहा कि हिमाचल के युवाओं में अपार प्रतिभा और क्षमता है। उन्होंने सफल छात्रों से अपनी उपलब्धियों को नई जिम्मेदारियों की शुरुआत मानते हुए उच्च शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी दोहराया कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निष्पक्ष अवसर उपलब्ध कराना समाज व व्यवस्था की सामूहिक जिम्मेदारी है,

Aapka Faisla Dt.20-08-26

# हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 12वीं की अंतिम मेरिट सूची की जारी

**धर्मशाला, (आपका फैसला)।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2026 में आयोजित 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा की अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी है। पुनर्मूल्यांकन (री-इवैल्युएशन) और पुनः जाँच (री-चेकिंग) के बाद आए संशोधित परिणामों को वार्षिक डाटाबेस में समाहित

## री-इवैल्युएशन के बाद संशोधित परिणाम शामिल, पारदर्शिता और निष्पक्षता की मिसाल

## बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा बोले– विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि, आधिकारिक वेबसाइट पर सूची उपलब्ध


करते हुए यह अंतिम सूची तैयार की गई है। छात्र और अभिभावक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस मेरिट सूची को देख सकते हैं। पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था की दिशा में बड़ा कदम बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि परीक्षा और परिणाम प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुद्धता बनाए रखना बोर्ड की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुनर्मूल्यांकन के परिणामों को मेरिट सूची में जगह देना छात्रों के हितों की रक्षा और त्रुटिहीन मूल्यांकन व्यवस्था के प्रति बोर्ड की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे परीक्षा प्रणाली में किसी भी प्रकार के असमंजस या अनिश्चितता की गुंजाइश न रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि यह सफलता छात्रों के अनुशासन, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों का नतीजा है। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के परिवारों के सहयोग और शिक्षकों के अमूल्य मार्गदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भी इस उपलब्धि का श्रेय दिया। डॉ. शर्मा ने कहा कि हिमाचल के युवाओं में अपार प्रतिभा और क्षमता है। उन्होंने सफल छात्रों से अपनी उपलब्धियों को नई जिम्मेदारियों की शुरुआत मानते हुए उच्च शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी दोहराया कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निष्पक्ष अवसर उपलब्ध कराना समाज व व्यवस्था की सामूहिक जिम्मेदारी है, ताकि वे प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें।

डिजिटल अखबार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज
19 अगस्त, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नजर
आज की ताजा खबर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ

# हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 12वीं की अंतिम मेरिट सूची की जारी

## री-इवैल्युएशन के बाद संशोधित परिणाम शामिल, पारदर्शिता और निष्पक्षता की मिसाल

**बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा बोले-विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि, आधिकारिक वेबसाइट पर सूची उपलब्ध**



पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2026 में आयोजित 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा की अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी है। पुनर्मूल्यांकन (री-इवैल्युएशन) और पुनः जाँच (री-चेकिंग) के बाद आए संशोधित परिणामों को वार्षिक डाटाबेस में समाहित करते हुए यह अंतिम सूची तैयार की गई है। छात्र और अभिभावक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस मेरिट सूची को देख सकते हैं।

### पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था की दिशा में बड़ा कदम

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि परीक्षा और परिणाम प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुद्धता बनाए रखना बोर्ड की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुनर्मूल्यांकन के परिणामों को मेरिट सूची में जगह देना छात्रों के हितों की रक्षा और त्रुटिहीन मूल्यांकन व्यवस्था के प्रति बोर्ड की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे परीक्षा प्रणाली में किसी भी प्रकार के असमंजस या अनिश्चितता की गुंजाइश न रहे।

### मेधावियों को बधाई, शिक्षकों व अभिभावकों के मार्गदर्शन को सराहा

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि यह सफलता छात्रों के अनुशासन, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों का नतीजा है। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के परिवारों के सहयोग और शिक्षकों के अमूल्य मार्गदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भी इस उपलब्धि का श्रेय दिया।

### विद्यार्थी ही प्रदेश के भविष्य की मजबूत नींव

डॉ. शर्मा ने कहा कि हिमाचल के युवाओं में अपार प्रतिभा और क्षमता है। उन्होंने सफल छात्रों से अपनी उपलब्धियों को नई जिम्मेदारियों की शुरुआत मानते हुए उच्च शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी दोहराया कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निष्पक्ष अवसर उपलब्ध कराना समाज व व्यवस्था की सामूहिक जिम्मेदारी है, ताकि वे प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें।

**Himachal Dastak 20-08-2026**



## शिक्षा बोर्ड ने जारी की 12वीं की अंतिम मेरिट सूची

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2026 में आयोजित 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा की अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी है। पुनर्मूल्यांकन और पुनः जांच के बाद आए संशोधित परिणामों को वार्षिक डाटाबेस में समाहित करते हुए यह अंतिम सूची तैयार की गई है। छात्र और अभिभावक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस मेरिट सूची को देख सकते हैं।

AUGUST 20, 2026 THURSDAY

HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times


# HIMACHAL EDUCATION BOARD PUBLISHES UPDATED CLASS 12 MERIT LIST FOLLOWING SCRUTINY

*Sunny Mahajan | Dharamshala*

In a major move celebrating academic transparency, the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has officially released the updated and final Class 12 merit list following a comprehensive re-evaluation and re-checking drive.

The revised ranking incorporates all post-review score adjustments directly into the state database, giving thousands of students a definitive and crystal-clear picture of where they stand. Available now on the board's official portal, this updated list ensures that every hard-earned mark is accounted for, eliminating lingering doubts over grading discrepancies.

HPBOSE Chairman Dr. Rajesh Sharma emphasized that fairness and accuracy remain non-negotiable for the board. By factoring in re-evaluation outcomes before locking in the final rankings, the administration aims to build absolute trust in the examination system while fiercely safeguarding student interests. Sharma praised the top rankers for their relentless discipline and grit, while commending parents and teachers for anchoring their success. Calling the youth the cornerstone of the state's future, he urged students to view their milestone not just as an achievement, but as a launchpad for higher education and nation-building.



निप्पी बादल LIVE न्यूज
सच्ची खबर, सटीक नजर

## हिमाचल प्रदेश

ਉੱਨੀ ਅਗਸਤ
ਦੋ ਹਜ਼ਾਰ ਛੱਬੀ
ਬੁੱਧਵਾਰ

# हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 12वीं की अंतिम मेरिट सूची की जारी

## री-इवैल्युएशन के बाद संशोधित परिणाम शामिल, पारदर्शिता और निष्पक्षता की मिसाल




**आधिकारिक वेबसाइट पर सूची उपलब्ध**
**www.hpbose.org**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2026 में आयोजित 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा की अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी है। पुनर्मूल्यांकन (री-इवैल्युएशन) और पुनः जांच (री-चेकिंग) के बाद आए संशोधित परिणामों को वार्षिक डाटाबेस में समाहित करते हुए यह अंतिम सूची तैयार की गई है। छात्र और अभिभावक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस मेरिट सूची को देख सकते हैं।

### पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था की दिशा में बड़ा कदम

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि परीक्षा और परिणाम प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुद्धता बनाए रखना बोर्ड की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुनर्मूल्यांकन के परिणामों को मेरिट सूची में जगह देना छात्रों के हितों की रक्षा और त्रुटिहीन मूल्यांकन व्यवस्था के प्रति बोर्ड की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे परीक्षा प्रणाली में किसी भी प्रकार के असमंजस या अनिश्चितता की गुंजाइश न रहे।

### मेधावियों को बधाई, शिक्षकों व अभिभावकों के मार्गदर्शन को सराहा

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि यह सफलता छात्रों के अनुशासन, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों का नतीजा है। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के परिवारों के सहयोग और शिक्षकों के अमूल्य मार्गदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भी इस उपलब्धि का श्रेय दिया।

### विद्यार्थी ही प्रदेश के भविष्य की मजबूत नींव

डॉ. शर्मा ने कहा कि हिमाचल के युवाओं में अपार प्रतिभा और क्षमता है। उन्होंने सफल छात्रों से अपनी उपलब्धियों को नई जिम्मेदारियों की शुरुआत मानते हुए उच्च शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी दोहराया कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निष्पक्ष अवसर उपलब्ध कराना समाज व व्यवस्था की सामूहिक जिम्मेदारी है, ताकि वे प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें।



**सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई!**

- ✔ पारदर्शिता
- ✔ निष्पक्षता
- ✔ शुद्धता

# डीएलएड सीईटी-2026 की मेरिट के आधार पर 21 से 31 अगस्त तक काउंसलिंग : राजेश शर्मा

**सवेरा न्यूज/यशपाल सिंह**



डॉ. राजेश शर्मा

धर्मशाला,19 अगस्त : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से संचालित दो वर्षीय प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (डीएलएड) प्रवेश परीक्षा-2026 के आधार पर शैक्षणिक सत्र 2026-28 में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया 21 से 31 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में रोजाना सुबह 10 बजे से होगी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि डीएलएड सीईटी-2026 की मेरिट के आधार पर सरकारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डाइट) और निजी मान्यता प्राप्त शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश दिया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों की तिथिवार सूची और श्रेणीवार आरक्षित सीटों का विवरण बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में उपस्थित होना होगा। काउंसलिंग के दौरान दसवीं और जमा दो के प्रमाण-पत्र, हिमाचली मूल निवास प्रमाण-पत्र, आरक्षित श्रेणी या उप-श्रेणी से संबंधित प्रमाण-पत्र, आवश्यक शपथ-पत्रों की मूल प्रतियां और सत्यापित छायाप्रतियां साथ लाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध बायोडाटा फॉर्म भरकर उसकी प्रति भी साथ लानी होगी। ईडब्ल्यूएस, ओबीसी और पूर्व सैनिकों के वार्ड की श्रेणी के अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी या सत्यापित प्रमाण-पत्र अथवा शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

## एक बार ही मिलेगी सीट

डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि काउंसलिंग के दौरान अभ्यर्थी की पसंद की संस्था में सीट उपलब्ध होने पर मेरिट के आधार पर केवल एक बार सीट आवंटित की जाएगी। इसलिए अभ्यर्थियों को काउंसलिंग से पहले संस्थान और सीट को लेकर सावधानीपूर्वक निर्णय लेना होगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड का उद्देश्य डीएलएड प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और मेरिट आधारित रखना है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे काउंसलिंग से पहले सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें। काउंसलिंग से संबंधित विस्तृत जानकारी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।